खण्ड–525, अंक–02
शनिवार, 14 माघ, शक संवत् 1945
(03 फरवरी, 2024 ई0)

उत्तर प्रदेश विधान सभा

की

कार्यवाही

–: 0 :–

(अधिकृत विवरण)

(अट्ठारहवीं विधान सभा, प्रथम सत्र, 2024)

(खण्ड 525 में 08 अंक हैं)
उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय (कार्यवाही अनुभाग) द्वारा प्रकाशित

मुद्रक :
निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश, लखनऊ (भारत)
2024

मूल्य : बिना महसूल 16.75 रुपये, महसूल सहित 21.00 रुपये।
वार्षिक चन्दा : बिना महसूल 586.25 रुपये, महसूल सहित 724.25 रुपये।

विषय-सूची

विषय			पृष्ठ संख्या
उपस्थित सदस्य	...	...	1-6
उत्तर प्रदेश विधान सभा के वर्तमान सदस्य श्री मानवेन्द्र सिंह व डॉ0 शिव प्रताप यादव तथा भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर शोकोद्‌गार	...		7-14

उत्तर प्रदेश विधान सभा

अट्ठारहवीं विधान सभा

शनिवार, दिनांक 03 फरवरी, 2024 ई0

(विधान सभा की बैठक सभा मण्डप, लखनऊ में दिन के 11:00 बजे अध्यक्ष श्री सतीश महाना की अध्यक्षता में आरम्भ हुई।)

उपस्थित सदस्य-286

1. अंकित भारती, श्री — गाजीपुर
2. अंकुर तिवारी, श्री — सन्त कबीरनगर
3. अखिलेश, श्री — आजमगढ़
4. अजय, श्री — गोण्डा
5. अजीत पाल त्यागी, श्री — गाजियाबाद
6. अजीत सिंह पाल, श्री — कानपुर देहात
7. अताउर रहमान, श्री — बरेली
8. अतुल गर्ग, श्री — गाजियाबाद
9. अनिल कुमार मौर्य, डॉ0 — सोनभद्र
10. अनिल पाराशर, श्री — अलीगढ़
11. अनुराग सिंह, श्री — मिर्जापुर
12. अनूप सिंह उर्फ अनूप प्रधान वाल्मीकि, श्री — अलीगढ़
13. अन्जुला सिंह माहौर, श्रीमती — हाथरस
14. अभय सिंह, श्री — अयोध्या
15. अभिजीत सिंह 'साँगा', श्री — कानपुर नगर
16. अमन गिरि, श्री — लखीमपुर खीरी
17. अमरेश कुमार, श्री — लखनऊ
18. अमित सिंह चौहान, डा0 — अयोध्या
19. अरमान खान, श्री — लखनऊ
20. अरुण कुमार, डॉ0 — बरेली
21. अलका सिंह, श्रीमती — हरदोई
22. अवधेश सिंह, डॉ0 — वाराणसी
23. अशरफ अली खान, श्री — शामली
24. अशोक कुमार, श्री — रायबरेली
25. असीम कुमार, श्री — कुशीनगर
26. आकाश सक्सैना (हनी), श्री — रामपुर
27. आदित्यनाथ योगी, श्री — गोरखपुर
28. आर0 के0 वर्मा, डॉ0 — प्रतापगढ़
29. आराधना मिश्रा 'मोना', श्रीमती — प्रतापगढ़
30. आशा मौर्य, श्रीमती — सीतापुर
31. आशीष कुमार सिंह 'आशू', श्री — हरदोई
32. आशुतोष मौर्य उर्फ राजू, श्री — बदायूं
33. आशु मलिक, श्री — सहारनपुर
34. इन्द्राणी देवी, श्रीमती — श्रावस्ती
35. ऊषा मौर्या, श्रीमती — फतेहपुर
36. ऋषि त्रिपाठी, श्री — महराजगंज
37. एम0पी0 आर्य, डॉ0 — बरेली
38. ओमकुमार, श्री — बिजनौर
39. ओम प्रकाश राजभर, श्री — गाजीपुर
40. ओममणी वर्मा, श्रीमती — बांदा
41. कपिल देव अग्रवाल, श्री — मुजफ्फरनगर
42. कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू, श्री — आजमगढ़

43. कविन्द्र चौधरी, श्री बस्ती
44. कृष्णपाल मलिक, श्री बागपत
45. कृष्णा पासवान, श्रीमती फतेहपुर
46. केतकी सिंह, श्रीमती बलिया
47. कैलाश, श्री चन्दौली
48. गणेश चन्द्र, श्री सन्त कबीरनगर
49. गिरीश चन्द्र यादव, श्री जौनपुर
50. गीता शास्त्री (पासी), श्रीमती प्रयागराज
51. गुड़िया कटेरिया, श्रीमती औरैया
52. गुरु प्रसाद मौर्य, श्री प्रयागराज
53. गुलाब देवी, श्रीमती संभल
54. गौरव कुमार, श्री बाराबंकी
55. गौरी शंकर वर्मा (कोरी), श्री जालौन
56. चंदन चौहान, श्री मुजफ्फरनगर
57. चन्द्र प्रकाश लोधी (एडवोकेट), श्री फतेहपुर
58. चेतराम, श्री शाहजहांपुर
59. छोटे लाल वर्मा, श्री आगरा
60. जगदीश नारायण, श्री जौनपुर
61. जय देवी, श्रीमती लखनऊ
62. जयद्रथ उर्फ प्रवक्तानन्द, श्री पीलीभीत
63. जय प्रकाश अंचल, श्री बलिया
64. जय प्रताप सिंह, श्री सिद्धार्थनगर
65. जयमंगल, श्री महराजगंज
66. जवाहर लाल राजपूत, श्री झांसी
67. जाहीद, श्री भदोही
68. जियाउद्दीन रिजवी, श्री बलिया
69. जी0 एस0 धर्मेश, डॉ0 आगरा
70. जीत लाल पटेल, श्री प्रतापगढ़
71. जै किशन साहू, श्री गाजीपुर
72. ज्ञानेन्द्र सिंह, श्री महराजगंज
73. डी0सी0 वर्मा, डॉ0 बरेली
74. तुफानी सरोज, श्री जौनपुर
75. तेजपाल सिंह नागर, श्री गौतमबुद्धनगर
76. त्रिभुवन दत्त, श्री अम्बेडकरनगर
77. त्रिभुवन राम, श्री वाराणसी
78. दयाशंकर सिंह, श्री बलिया
79. दिनेश कुमार, श्री मेरठ
80. दिनेश रावत, श्री बाराबंकी
81. दीनानाथ भाष्कर, श्री भदोही
82. दीपक कुमार मिश्र ''शाका'', श्री देवरिया
83. दुर्गा प्रसाद यादव, श्री आजमगढ़
84. देवेन्द्र कुमार निम, श्री सहारनपुर
85. देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री रायबरेली
86. देवेन्द्र सिंह, श्री कासगंज
87. देवेन्द्र सिंह लोधी, श्री बुलन्दशहर
88. धर्मराज सिंह यादव, श्री बाराबंकी
89. धर्मेश सिंह तोमर, श्री हापुड़
90. धीरेन्द्र सिंह, श्री गौतमबुद्धनगर
91. नन्दकिशोर, श्री गाजियाबाद
92. नफीस अहमद, श्री आजमगढ़
93. नासिर कुरैशी, हाजी मुरादाबाद
94. नाहिद हसन, श्री शामली
95. निर्मल वर्मा, श्री सीतापुर
96. नीरज बोरा, डॉ0 लखनऊ
97. नीलकण्ठ तिवारी, डॉ0 वाराणसी
98. पंकज पटेल, श्री जौनपुर

99. पंकज गुप्ता, श्री उन्नाव
100. पंकज सिंह, श्री गौतमबुद्धनगर
101. पंचानन्द पाठक (पी0 एन0 पाठक), श्री कुशीनगर
102. पल्टूराम, श्री बलरामपुर
103. पल्लवी पटेल, डॉ0 कौशाम्बी
104. पीयूष रंजन निषाद, श्री प्रयागराज
105. पूरन प्रकाश, श्री मथुरा
106. प्रकाश द्विवेदी, श्री बांदा
107. प्रतिभा शुक्ला, श्रीमती कानपुर देहात
108. प्रदीप कुमार चौधरी, श्री बुलन्दशहर
109. प्रदीप कुमार यादव, श्री औरैया
110. प्रदीप कुमार सिंह, श्री हाथरस
111. प्रदीप शुक्ला, श्री गोरखपुर
112. प्रभात कुमार वर्मा, श्री गोण्डा
113. प्रेम पाल सिंह धनगर, श्री फिरोजाबाद
114. प्रेमसागर पटेल, श्री महराजगंज
115. फतेह बहादुर, श्री गोरखपुर
116. फरीद महफूज किदवई, श्री बाराबंकी
117. बम्बा लाल, श्री उन्नाव
118. बल्देव सिंह औलख, श्री रामपुर
119. बाबूराम, श्री पीलीभीत
120. बाबूलाल, श्री आगरा
121. बावन सिंह, श्री गोण्डा
122. बीरेन्द्र सिंह राणा, श्री हाथरस
123. बृजेश कठेरिया, इंजी0 मैनपुरी
124. बृजेश कुमार, श्री उन्नाव
125. बेचई सरोज, श्री आजमगढ़
126. बेदी, श्री गाजीपुर
127. ब्रजभूषण राजपूत, श्री महोबा
128. ब्रजेश पाठक, श्री लखनऊ
129. ब्रजेश यादव, श्री बदायूं
130. भगवान सिंह कुशवाहा, श्री आगरा
131. भूपेश चौबे, श्री सोनभद्र
132. मदन भैया, श्री मुजफ्फरनगर
133. मनीष असीजा, श्री फिरोजाबाद
134. मनीष कुमार उर्फ मन्टू, श्री कुशीनगर
135. मनीष रावत, श्री सीतापुर
136. मनोज कुमार पाण्डेय, श्री रायबरेली
137. मनोज कुमार पारस, श्री बिजनौर
138. मनोहर लाल, श्री ललितपुर
139. मन्जू शिवाच, डॉ0 गाजियाबाद
140. मयंकेश्वर शरण सिंह, श्री अमेठी
141. महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, श्री अमरोहा
142. महेन्द्र पाल सिंह, श्री गोरखपुर
143. महेश चन्द्र गुप्ता, श्री बदायूं
144. महेश त्रिवेदी, श्री कानपुर नगर
145. माता प्रसाद पाण्डेय, श्री सिद्धार्थनगर
146. माधवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री हरदोई
147. मीनाक्षी सिंह, श्रीमती बुलन्दशहर
148. मुकेश चौधरी, श्री सहारनपुर
149. मुकेश चन्द्र वर्मा, डा0 फिरोजाबाद
150. मुक्ता संजीव राजा, श्रीमती अलीगढ़
151. मूल चन्द्र सिंह, श्री जालौन
152. मेघश्याम, श्री मथुरा
153. मो0 ताहिर खान, श्री सुल्तानपुर
154. मोहन वर्मा, श्री कुशीनगर
155. मौहम्मद फहीम इरफान, श्री मुरादाबाद
156. योगेन्द्र उपाध्याय, श्री आगरा
157. योगेश धामा, श्री बागपत

158. योगेश वर्मा, श्री — खीरी
159. योगेश शुक्ला, श्री — लखनऊ
160. रघुराज प्रताप सिंह, श्री — प्रतापगढ़
161. रजनी तिवारी, श्रीमती — हरदोई
162. रत्नाकर मिश्रा, श्री — मिर्जापुर
163. रमापति शास्त्री, श्री — गोण्डा
164. रमा शंकर सिंह, श्री — मिर्जापुर
165. रमेश सिंह, श्री — जौनपुर
166. रमेश चन्द्र मिश्र, श्री — जौनपुर
167. रमेश जायसवाल, श्री — चन्दौली
168. रविदास मेहरोत्रा, श्री — लखनऊ
169. रवि शर्मा, श्री — झांसी
170. रवेन्द्र पाल सिंह, श्री — अलीगढ़
171. रश्मि आर्य, डॉ0 — झांसी
172. राकेश कुमार गोस्वामी, श्री — महोबा
173. राकेश प्रताप सिंह, श्री — अमेठी
174. राकेश पाण्डेय, श्री — अम्बेडकरनगर
175. राकेश राठौर, श्री — सीतापुर
176. रागिनी, डॉ0 — जौनपुर
177. राघवेन्द्र कुमार सिंह, श्री — इटावा
178. राजकुमार सहयोगी, श्री — अलीगढ़
179. राजपाल सिंह बालियान, श्री — मुजफ्फरनगर
180. राज प्रसाद उपाध्याय, श्री — सुल्तानपुर
181. राजमणि, श्री — प्रयागराज
182. राजीव तरारा, श्री — अमरोहा
183. राजीव गुम्बर, श्री — सहारनपुर
184. राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया, श्री — बदायूं
185. राजीव सिंह ''पारीक्षा'', श्री — झाँसी
186. राजेन्द्र कुमार, श्री — प्रतापगढ़
187. राजेन्द्र कुमार, श्री — मऊ
188. राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, श्री — बस्ती
189. राजेन्द्र सिंह पटेल, श्री — फतेहपुर
190. राजेश कुमार गौतम, श्री — सुल्तानपुर
191. राजेश चौधरी, श्री — मथुरा
192. राजेश त्रिपाठी, श्री — गोरखपुर
193. राजेश्वर सिंह, श्री — लखनऊ
194. राम अचल राजभर, श्री — अम्बेडकरनगर
195. राम अवतार सिंह, श्री — बिजनौर
196. रामकृष्ण भार्गव, श्री — सीतापुर
197. रामकेश निषाद, श्री — बांदा
198. रामखिलाड़ी सिंह, श्री — सम्भल
199. राम चन्द्र यादव, श्री — अयोध्या
200. राम निवास वर्मा, श्री — बहराइच
201. रामपाल वर्मा, श्री — हरदोई
202. राम प्रताप वर्मा उर्फ शशिकान्त वर्मा, श्री — बलरामपुर
203. राम फेरन पाण्डेय, श्री — श्रावस्ती
204. राम बिलाश चौहान, श्री — मऊ
205. राम मूर्ति वर्मा, श्री — अम्बेडकरनगर
206. रामरतन कुशवाहा, श्री — ललितपुर
207. राम सिंह पटेल, श्री — प्रतापगढ़
208. राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी, श्री — रायबरेली
209. रितेश कुमार गुप्ता, श्री — मुरादाबाद
210. लक्ष्मी नारायण, श्री — मथुरा
211. लक्ष्मी राज सिंह, श्री — बुलन्दशहर
212. लोकेन्द्र प्रताप सिंह, श्री — खीरी
213. वाचस्पति, श्री — प्रयागराज
214. विजमा यादव, श्रीमती — प्रयागराज
215. विजयपाल (आढ़ती), श्री — हापुड़

216. विनय कुमार द्विवेदी, श्री गोण्डा
217. विनय प्रकाश गोंड, श्री कुशीनगर
218. विनय वर्मा, श्री सिद्धार्थनगर
219. विनोद कुमार बिन्द, डॉ0 मिर्जापुर
220. विनोद चतुर्वेदी, श्री जालौन
221. विनोद शंकर अवस्थी, श्री खीरी
222. विपिन कुमार डेविड, श्री एटा
223. विमलेश पासवान, डॉ0 गोरखपुर
224. विवेक कुमार वर्मा, श्री पीलीभीत
225. विवेकानन्द पाण्डेय, श्री कुशीनगर
226. विशम्भर सिंह यादव, श्री बांदा
227. वीर विक्रम सिंह, श्री शाहजहांपुर
228. वीरेन्द्र यादव, डॉ0 गाजीपुर
229. वीरेन्द्र सिंह लोधी, श्री एटा
230. शफीक अहमद अंसारी, श्री रामपुर
231. शलभ मणि त्रिपाठी, श्री देवरिया
232. शशांक त्रिवेदी, श्री सीतापुर
233. शशांक वर्मा, श्री खीरी
234. शहजिल इस्लाम अंसारी, श्री बरेली
235. शाहिद मंजूर, श्री मेरठ
236. शिवपाल सिंह यादव, श्री इटावा
237. श्याम विहारी लाल, प्रो0 बरेली
238. श्यामधनी राही, श्री सिद्धार्थनगर
239. श्याम सुन्दर, श्री रायबरेली
240. श्रीकान्त कटियार, श्री उन्नाव
241. श्रीराम चौहान, श्री गोरखपुर
242. संग्राम यादव, डॉ0 आजमगढ़
243. संग्राम सिंह, श्री बलिया
244. संजय कुमार शर्मा, श्री बुलन्दशहर
245. संजय सिंह गंगवार, श्री पीलीभीत
246. संजीव अग्रवाल, श्री बरेली
247. संजीव कुमार गोंड, श्री सोनभद्र
248. संदीप कुमार सिंह, श्री अलीगढ़
249. संदीप सिंह, श्री प्रयागराज
250. सचिन यादव, श्री फिरोजाबाद
251. सतीश महाना, श्री कानपुर नगर
252. सत्यपाल सिंह राठौर, श्री कासगंज
253. सभाकुंवर, श्री देवरिया
254. सरवन कुमार निषाद, इंजी0 गोरखपुर
255. सरिता भदौरिया, श्रीमती इटावा
256. सरोज कुरील, श्रीमती कानपुर नगर
257. सर्वेश सिंह, श्री फिरोजाबाद
258. सलोना कुशवाहा, श्रीमती शाहजहांपुर
259. साकेन्द्र प्रताप वर्मा, श्री बाराबंकी
260. सीताराम वर्मा, श्री सुल्तानपुर
261. सुनील कुमार शर्मा, श्री गाजियाबाद
262. सुनील दत्त द्विवेदी, मेजर फर्रुखाबाद
263. सुनील पटेल, डॉ0 वाराणसी
264. सुरभी, डॉ0 फर्रुखाबाद
265. सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा, श्री कुशीनगर
266. सुरेन्द्र चौरसिया, श्री देवरिया
267. सुरेन्द्र मैथानी, श्री कानपुर नगर
268. सुरेश कुमार, श्री अमेठी
269. सुरेश कुमार खन्ना, श्री शाहजहांपुर
270. सुरेश राही, श्री सीतापुर
271. सुशान्त सिंह, कुँवर बिजनौर
272. सुशील कुमार शाक्य, श्री फर्रुखाबाद
273. सुहेब उर्फ मन्नु अन्सारी, श्री गाजीपुर
274. सैय्यदा खातून, श्रीमती सिद्धार्थनगर
275. सोमेन्द्र सिंह तोमर, डॉ0 मेरठ

276. सौरभ श्रीवास्तव, श्री	वाराणसी	281. हरिप्रकाश वर्मा, श्री	शाहजहांपुर
277. स्वामी ओउ्मवेश, श्री	बिजनौर	282. हरीश चन्द्र, श्री	बदायूं
278. हंसु राम, श्री	बलिया	283. हरेन्द्र सिंह, श्री	हापुड़
279. हरविन्दर कुमार साहनी उर्फ रोमी साहनी, श्री	खीरी	284. हाकिम लाल बिन्द, श्री	प्रयागराज
		285. हिमान्शु यादव, श्री	बदायूं
280. हरिओम, श्री	कासगंज	286. हृदय नारायण सिंह पटेल, श्री	आजमगढ़

नोट :- नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री (श्री अरविन्द कुमार शर्मा), सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर), आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (श्री दया शंकर मिश्र 'दयालु') तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री नरेन्द्र कश्यप) भी सदन में उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के वर्तमान सदस्य श्री मानवेन्द्र सिंह व डॉ0 शिव प्रताप यादव तथा भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर शोकोद्गार

श्री अध्यक्ष-

मा0 मुख्य मंत्री जी।

मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ)-

मा0 अध्यक्ष जी, अत्यन्त दुःख के साथ इस सम्मानित सदन को सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे वर्तमान विधान सभा के मा0 सदस्य श्री मानवेन्द्र सिंह जी का 05 जनवरी, 2024 को लगभग 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका असमय निधन हम सबके लिये दुःखद है। श्री मानवेन्द्र सिंह जी इस सदन के दो बार निर्वाचित सदस्य थे। वे सर्वप्रथम वर्ष 2017 तथा 2022 में लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र, ददरौल, जिला शाहजहांपुर से विधान सभा क्षेत्र के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे विधान सभा के विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य भी रहे थे। छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे, श्री मानवेन्द्र सिंह जी का दीर्घ राजनैतिक जीवन रहा है। जनता में लोकप्रियता के साथ-साथ उनकी छवि सौम्य एवं विनम्र जनप्रतिनिधि के रूप में थी। वे वर्ष 1977-78 में एस0एस0 कालेज, शाहजहांपुर के छात्र संघ के अध्यक्ष थे। उन्होंने अपने राजनैतिक यात्रा का आरम्भ छात्र जीवन से ही कर दिया था। वर्ष 1992-95 तक जिला पंचायत शाहजहांपुर के अध्यक्ष रहे। इसके अतिरिक्त जिला सहकारी बैंक, शाहजहांपुर के संचालक, स्वामी शुकदेवानन्द महाविद्यालय, शाहजहांपुर के प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष भी रहे। उन्होंने किसानों तथा युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिये कार्य किया और अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के प्रति समर्पित रहे। सदन के वरिष्ठ एवं अनुभवी सदस्यों का निधन इस सदन के लिये दुःखद है। उनकी कमी इस सदन में सदैव बनी रहेगी।

श्री मानवेन्द्र सिंह के निधन से प्रदेश और हमारी पार्टी की अपूर्णनीय क्षति हुई है। मैं उनके प्रति विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते हुए उनके दुःखी परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना आपके माध्यम से पहुंचाने की प्रार्थना करता हूं।

महोदय, वर्तमान विधान सभा के ही हमारे मा0 सदस्य डा0 शिव प्रताप यादव जी का 26 जनवरी, 2024 को लगभग 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से हम सभी दुःखी हैं। डा0 शिव प्रताप यादव जी इस सदन के वरिष्ठ सदस्यों में थे। वर्तमान विधान सभा में वे चौथी बार निर्वाचित होकर आये थे। वे सर्वप्रथम वर्ष 1993 के मध्यावधि चुनाव में, तत्पश्चात् वर्ष 2002, 2012 तथा 2022 में निर्वाचन क्षेत्र गैसड़ी, जिला बलरामपुर से समाजवादी पार्टी के टिकट पर इस सदन के लिये निर्वाचित हुए थे।

डा0 शिव प्रताप यादव, श्री मुलायम सिंह यादव तथा श्री अखिलेश यादव मंत्रि-मण्डल में विभिन्न विभागों के राज्य मंत्री भी बने थे। वे विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य भी रहे। डा0 शिव प्रताप यादव अपने क्षेत्र के लोकप्रिय नेता थे। एक शिक्षक के रूप में उन्होंने अपने जीवन का आरम्भ किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिये उल्लेखनीय कार्य किये। वे कृषक बालिका इण्टर कालेज, गोण्डा तथा मसौली कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैसड़ी, जिला बलरामपुर के अध्यक्ष रहे। वर्ष 2004 से 2007 तक उत्तर प्रदेश वित्त निगम के अध्यक्ष रहे। वे विभिन्न राजनीतिक तथा सामाजिक आन्दोलनों के अन्तर्गत गोण्डा एवं बलरामपुर जिला कारागार में भी बन्दी रहे। समाज सेवा, राजनीतिक कार्यों के साथ-साथ उनकी अध्ययन एवं लेखन में भी विशेष रुचि थी। एक जनप्रतिनिधि के रूप में वे अपने क्षेत्र के विकास तथा समाज के पिछड़े और वंचित वर्ग के कल्याण के लिये भी सतत् प्रयत्नशील रहे। डा0 शिव प्रताप यादव के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ को खो दिया है।

मा0 अध्यक्ष जी, मैं उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करता हूं। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि उनके दुःखी परिजनों तक हमारी संवेदना पहुंचाने की कृपा करें।

इसके साथ ही हमारे इस सम्मानित सदन के पूर्व मा0 सदस्य श्री मोबीन अहमद काजमी आजमगढ़ मऊ से, श्री सतीश चन्द्र आगरा से, श्री जटाशंकर सिंह बहराइच से, श्री मो0 इरशाद खां लखनऊ से, श्री जगदीश गांधी अलीगढ़ से वर्तमान में लखनऊ से और डा0 सुरेश सेंगर मुजफ्फरनगर से जो इस सदन के पूर्व में सदस्य रहे हैं, आज वह हमारे बीच में भौतिक रूप से नहीं हैं। उनके दिवंगत होने का दुःखद समाचार भी हम सबको प्राप्त हुआ है। मैं सदन की ओर से उन सभी पूर्व सदस्यों के प्रति भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे विनम्र अनुरोध करता हूं कि हमारी शोक-संवेदना उनके शोक संतप्त परिजनों तक पहुंचाने की कृपा करें। धन्यवाद।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय नेता सदन से अपने को सम्बद्ध करता हूं। निश्चित रूप से यह हम सबके लिये बहुत दुःखद है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के हमारे माननीय सदस्य श्री मानवेन्द्र सिंह जी का 05 जनवरी, 2024 को निधन हो गया है। श्री मानवेन्द्र सिंह जी लगभग 65 वर्ष के थे। श्री मानवेन्द्र सिंह जी का जन्म 01 अप्रैल, 1959 को ग्राम ढकिया परवेजपुर, जिला शाहजहांपुर में हुआ था। उन्होंने एम0ए0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री मानवेन्द्र सिंह जी 2017, 2022 में निर्वाचन क्षेत्र ददरौल, जिला शाहजहांपुर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। श्री मानवेन्द्र सिंह

जी विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सदस्य रहे हैं तथा वर्तमान में प्रतिनिहित विधायन समिति के भी सदस्य थे। वह जिला पंचायत शाहजहांपुर के अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक शाहजहांपुर के संचालक तथा एस0एस0 कालेज शाहजहांपुर छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। वह स्वामी शुकदेवानन्द महाविद्यालय शाहजहांपुर की प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। समाजसेवा एवं राजनीति में उनकी विशेष रुचि रही है। श्री मानवेन्द्र सिंह जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ, समाजसेवी सहित एक ऐसे सदस्य को खोया है, जिन्होंने कहीं न कहीं अपने क्षेत्र से लेकर पूरे राज्य और इस पूरी विधान सभा में अपनी एक गहरी छाप छोड़ी है। श्री मानवेन्द्र सिंह जी के निधन से हम सभी दुःखी हैं। हम ईश्वर से यह प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनके परिवार व उनके परिवार के अन्य लोगों को इस असीम दुःख को सहने की क्षमता दे और आपसे आग्रह भी करते हैं कि हम सबका यह शोक, हम सबका शोक पत्र, हम सबकी संवेदनाएं उनके परिजनों तक पहुंचाने की कृपा करें।

इसी क्रम में यह हम लोगों के लिये भी अत्यन्त दुःख का विषय है कि हमारी इसी विधान सभा के सदस्य डा0 शिव प्रताप यादव जिनका 26 जनवरी, 2024 को निधन हो गया है। वह लगभग 73 वर्ष के थे। डा0 शिव प्रताप यादव जी का जन्म 03 जुलाई, 1951 को पहलावारा, जिला बलरामपुर में हुआ था। उन्होंने एम0एस0सी0, पी0एच0डी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। डा0 शिव प्रताप यादव जी वर्ष 1993 में निर्वाचन क्षेत्र गैसड़ी, जिला बलरामपुर तथा वर्ष 2002, 2012 तथा 2022 में निर्वाचन क्षेत्र गैसड़ी, जिला बलरामपुर से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे।

मान्यवर, डा0 शिव प्रताप यादव जी आदरणीय स्वर्गीय श्री मुलायम सिंह यादव जी के मंत्रि-मण्डल तथा श्री अखिलेश यादव जी के मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे हैं। वह विधान सभा की विभिन्न समितियों के भी सदस्य रहे हैं तथा वर्तमान में आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य थे। वर्ष 2004-2007 तक वह उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम के अध्यक्ष रहे हैं। वह विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार बलरामपुर तथा गोण्डा में भी बन्दी रहे हैं। कृषक बालिका इण्टर कालेज, गोण्डा तथा मसौली कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैसड़ी, बलरामपुर के भी वह अध्यक्ष रहे हैं। अध्ययन, लेखन तथा समाजसेवा में उनकी विशेष रुचि थी। स्वर्गीय डा0 शिव प्रताप यादव जी का अभाव और उनकी कमी हम सबके बीच में सदैव रहेगी। उनको खो करके हम लोगों के जहां अपने विधान सभा के योग्य ने श्रेष्ठ और सबसे मिलने जुलने वाले एक मिलनसार व्यक्तित्व को खोया है, वहीं एक बड़े समाजसेवी को भी हम लोगों ने खोया है। हम सब उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और आपसे आग्रह भी करते हैं कि हम सबकी संवेदनाएं उनके परिजनों तक आपके माध्यम से पहुंचाई जायें।

इसी क्रम में हमारे इसी सदन के पूर्व सदस्य रहे हमारे कई सदस्यों का निधन हुआ है। उनके प्रति भी मैं और यह पूरा सदन संवेदनाएं व्यक्त करता है। उनके परिजनों को भी हम सबकी शोक संवेदनाएं पहुंचाएं। धन्यवाद।

श्री राम निवास वर्मा-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं पूरे सदन के साथ मैं अपने को सम्बद्ध करते हुए दिवंगत श्री मानवेन्द्र सिंह जी और डा0 शिव प्रताप यादव जी के शोक संतप्त परिवार को अपने दल की ओर से और अपनी ओर से अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ।

श्री राजपाल सिंह बालियान-

मान्यवर, माननीय मुख्य मंत्री जी, माननीय मनोज कुमार पाण्डेय जी से अपने को सम्बद्ध करता हुआ अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल की ओर से और अपनी ओर से संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी तरफ से मृतक सदस्यों के सम्बन्ध में व्यक्त संवेदनाएं उनके घर तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री ओम प्रकाश राजभर-

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, माननीय मनोज कुमार पाण्डेय जी, माननीय अपना दल से अपने को सम्बद्ध करते हुए मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और शोक संवेदना उस परिवार तक पहुंचाने के लिये आपसे अनुरोध करता हूं।

श्री अध्यक्ष-

नेता निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल श्री अनिल कुमार त्रिपाठी जी उपस्थित नहीं हैं।

***श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-**

माननीय अध्यक्ष जी, आज हमारे बीच में गैसड़ी से समाजवादी पार्टी के विधायक स्वर्गीय डा0 शिव प्रताप यादव जी और शाहजहांपुर के ददरौल विधान सभा के भाजपा के विधायक स्वर्गीय श्री मानवेन्द्र सिंह जी का निधन हो गया है और हम सब लोगों ने अपने दो वर्तमान सदस्यों को खो दिया है। मैं माननीय नेता सदन और माननीय मनोज कुमार पाण्डेय जी ने जो शोक संवेदना उन्होंने सदन में व्यक्त की है, और हमारे सभी दलों के नेताओं ने जो संवेदना व्यक्त की है, मैं उससे सम्बद्ध करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से इन दोनों महानुभावों के शोक संतप्त परिवार तक आपसे अनुरोध करूंगी कि उन तक हमारी संवेदनाएं पहुंचाई जाएं।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

साथ ही जो पूर्व सदस्य जो आज हमारे बीच में नहीं हैं उनके परिवार तक भी हमारी पार्टी की ओर से शोक संवेदनाएं पहुंचाई जाएं।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी श्री रघुराज प्रताप सिंह।

श्री रघुराज प्रताप सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, मा0 नेता सदन, मा0 मुख्य मंत्री जी और सभी दलीय नेताओं की भावनाओं से अपने आपको सम्बद्ध करते हुए आपसे अनुरोध है कि जनसत्ता दल की ओर से शोक संतप्त परिवार को हम लोगों की संवेदनाएं पहुंचाने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता, बहुजन समाज पार्टी श्री उमाशंकर सिंह जी। मा0 उमाशंकर सिंह जी उपस्थित नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री मानवेन्द्र सिंह का 05 जनवरी, 2024 को निधन हो गया। वह लगभग 65 वर्ष के थे। श्री मानवेन्द्र सिंह का जन्म 01 अप्रैल, 1959 को ग्राम ढकिया परवेजपुर, जिला शाहजहांपुर में हुआ था। उन्होंने एम0ए0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री मानवेन्द्र सिंह वर्ष 2017 तथा 2022 में निर्वाचन क्षेत्र ददरौल, जिला शाहजहांपुर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री मानवेन्द्र सिंह विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सदस्य रहे तथा वर्तमान में प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य थे। वे जिला पंचायत, शाहजहांपुर के अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक, शाहजहांपुर के संचालक तथा एस0एस0 कालेज, शाहजहांपुर के छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे थे। वे स्वामी शुकदेवानन्द महाविद्यालय, शाहजहांपुर के प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष भी रहे थे। समाजसेवा एवं राजनीति में उनकी विशेष रुचि थी। श्री मानवेन्द्र सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य डा0 शिव प्रताप यादव का 26 जनवरी, 2024 को निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष के थे। डा0 शिव प्रताप यादव का जन्म 03 जुलाई, 1951 को पहलावारा, जिला बलरामपुर में हुआ था। उन्होंने एम0एस0सी0, पी0एच0डी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। डा0 शिव प्रताप यादव वर्ष 1993 में निर्वाचन क्षेत्र गैसड़ी, जिला गोण्डा तथा वर्ष 2002, 2012 तथा 2022 में निर्वाचन क्षेत्र गैसड़ी, जिला बलरामपुर से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। डा0 शिव प्रताप यादव श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल तथा श्री अखिलेश यादव मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे थे। वे

विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे तथा वर्तमान में आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य थे। वर्ष 2004-2007 तक वे उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम के अध्यक्ष रहे। वे विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार बलरामपुर तथा गोण्डा में बन्दी भी रहे थे। कृषक बालिका इण्टर कालेज, गोण्डा तथा मसौली कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैसड़ी, बलरामपुर के वे अध्यक्ष रहे। अध्ययन, लेखन तथा समाजसेवा में उनकी विशेष रुचि थी। डा0 शिव प्रताप यादव के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री मोबीन आजमी का 23 जून, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे। श्री मोबीन अहमद आजमी का जन्म 26 फरवरी, 1948 को ग्राम जमुड़ी, जिला आजमगढ़ में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री मोबीन अहमद आजमी वर्ष 1989 में निर्वाचन क्षेत्र मऊ, जिला मऊ से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री मोबीन अहमद आजमी एक राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे अपने क्षेत्र के विकास के लिये हमेशा प्रयत्नशील रहते थे। समाज सेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री मोबीन अहमद आजमी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री सतीश चन्द्र का 26 दिसम्बर, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 94 वर्ष के थे। श्री सतीश चन्द्र का जन्म 28 जुलाई, 1929 को आगरा में हुआ था। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सतीश चन्द्र वर्ष 1989 में निर्वाचन क्षेत्र आगरा पूर्व, जिला आगरा से कांग्रेस (आई) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री सतीश चन्द्र ने भारत-रूस मैत्री सम्मेलन, सोबियत रूस में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। वे इण्डियन इकोनॉमिक सर्विस में उप निदेशक, नेशनल चैम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एण्ड कामर्स, उत्तर प्रदेश तथा रोटरी आन्दोलन के अध्यक्ष सहित अनेक पदों पर आसीन रहे थे। वे विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से प्रबन्धक के रूप में सम्बद्ध रहे। आर्थिक विषयों पर विचार-विनिमय तथा सामाजिक सम्पर्क करने में उनकी विशेष रुचि थी। श्री सतीश चन्द्र के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री जटा शंकर सिंह का 28 दिसम्बर, 2023 को निधन हो गया। वह लगभग 79 वर्ष के थे। श्री जटा शंकर सिंह का जन्म 21 जुलाई, 1944 को ग्राम भौसिया, जिला बस्ती में हुआ था। उन्होंने बी0ए0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री जटा शंकर सिंह वर्ष 1980, 1991, 1996 तथा 2002 में निर्वाचन क्षेत्र नानपारा, जिला बहराइच से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री जटा शंकर सिंह एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे। वह

विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार, लखनऊ, बहराइच, गोरखपुर तथा केन्द्रीय कारागार, नैनी और फतेहगढ़ में बन्दी रहे। वह अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य तथा विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। श्री जटा शंकर सिंह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, बहराइच के जिला संयोजक, अखिल भारतीय जनसंघ, बहराइच के जिला सहमंत्री, उत्तर प्रदेश हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश व क्षेत्रीय कार्य समिति के सदस्य तथा भारतीय जनता पार्टी विधान मण्डल दल के मंत्री भी रहे थे। अध्ययन, लेखन तथा समाजसेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री जटा शंकर सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री मोहम्मद इरशाद खां का 02 जनवरी, 2024 को निधन हो गया। वह लगभग 67 वर्ष के थे। श्री मोहम्मद इरशाद खां वर्ष 2002 व 2007 में निर्वाचन क्षेत्र सरोजनीनगर, जिला लखनऊ से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री मोहम्मद इरशाद खां उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सभापति और अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य रहे थे। असहाय एवं गरीबों के हित के कार्य तथा समाज सेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री मोहम्मद इरशाद खां के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्त प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री जगदीश गांधी का 22 जनवरी, 2024 को निधन हो गया। वह लगभग 87 वर्ष के थे। श्री जगदीश गांधी का जन्म 10 नवम्बर, 1936 में ग्राम बरसाली, सिकन्दराराऊ, जिला अलीगढ़ में हुआ था। उन्होंने बी0काम0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री जगदीश गांधी वर्ष 1969 में निर्वाचन क्षेत्र सिकन्दराराऊ, जिला अलीगढ़ से निर्दलीय सदस्य के रूप में विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री जगदीश गांधी लखनऊ विश्वविद्यालय यूनियन के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष रहे थे। वह दहेज प्रथा को बन्द करने और शराब बन्दी आन्दोलनों तथा कुटीर उद्योग के विकास के लिये प्रयत्नशील रहे थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका अहम योगदान रहा। उन्होंने शिक्षा के लिये शिशु शिक्षा संस्थाओं, प्री-प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग कालेज तथा सर्वोदय सेवा संस्थान आदि अनेक संस्थाओं की स्थापना की थी। वर्तमान में लखनऊ नगर में सिटी मान्टेसरी स्कूल की 20 से अधिक शाखायें उनके द्वारा संचालित हो रही हैं। उन्होंने विश्व शासन संरचना के लिये राय का माहौल बनाने के लिये विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का वार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन सहित छात्रों के लिये हर वर्ष अनेक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित करवाये। सामाजिक कार्यों, शिक्षा एवं खेलों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री जगदीश गांधी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य डा0 सुरेश संगल का 26 जनवरी, 2024 को निधन हो गया। वह लगभग 82 वर्ष के थे। डा0 सुरेश संगल का जन्म 10 जून, 1942 को

जिला मुजफ्फरनगर में हुआ था। उन्होंने स्नातकोत्तर, पी0एच0डी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। डा0 सुरेश संगल वर्ष 1991 व 1993 के मध्यावधि चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र मुजफ्फरनगर, जिला मुजफ्फरनगर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। डा0 सुरेश संगल विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति के सदस्य रहे थे। वह विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार मुजफ्फरनगर में बन्दी रहे थे। डा0 सुरेश संगल जिला पत्रकार संघ, मुजफ्फरनगर के विभिन्न पदों पर रहे तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से मंत्री तथा सदस्य के रूप में सम्बद्ध रहे। पत्रकारिता, शैक्षिक व धार्मिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी तथा अध्ययन प्रिय थे। डा0 सुरेश संगल के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

श्री मानवेन्द्र सिंह, डा0 शिव प्रताप यादव एवं माननीय पूर्व सदस्यगणों के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन सभी दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान करने तथा उनके शोक संतप्त परिवारों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मैं इस सदन में व्यक्त शोक संवेदनायें मृतकों के शोकाकुल परिवारों तक पहुंचवा दूंगा। अब हम सब दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये कुछ देर मौन रखेंगे।

(सभी सदस्य दो मिनट के लिये अपने-अपने स्थान पर मौन खड़े हुए)

श्री अध्यक्ष-

अब हम सोमवार सुबह 11:00 बजे तक के लिये उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 11 बजकर 25 मिनट पर सोमवार, दिनांक 05 फरवरी, 2024 के दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :
दिनांक 03 फरवरी, 2024 ई0

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 04 विधान सभा (07)-12-04-2024-76 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।